एसजेवीएनः अब एक

नवरत्न

सीपीएसई

सुशील शर्मा

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन

प्यारे हितधारकों,

यह अत्यंत गर्व की बात है कि एसजेवीएन को नवरत्न कंपनी का दर्जा दिया गया है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, मैं माननीय प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व के माध्यम से देश के विद्युत क्षेत्र में नए अवसरों के एक नए युग का आरंभ किया। मैं माननीय वित्त मंत्री और माननीय विद्युत मंत्री का भी आभारी हूँ, जिन्होंने हमें आगे बढ़ने और यह प्रतिष्ठित दर्जा हासिल करने के लिए मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया है। मैं एसजेवीएन को इक्विटी भागीदार के रूप में सहयोग देने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार को भी हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए बहुमूल्य परामर्श एवं मार्गदर्शन के माध्यम से एसजेवीएन के लिए यह दर्जा प्राप्त करना संभव हुआ है।

कंपनी जो वर्तमान में अपनी शानदार यात्रा के 36वें वर्ष पूर्ण करने जा रही है, उन पच्चीस अन्य कंपनियों में शामिल हो गई है जिन्हें उत्कृष्ट नवरत्न का दर्जा दिया गया है। यह उपलब्धि कंपनी से जुड़े प्रत्येक पूर्व एवं वर्तमान कर्मचारी के सामूहिक प्रयासों और अटूट समर्पण का प्रमाण है। यह उत्कृष्टता, अभिनव सोच और असाधारण परिणाम देने के जोश के प्रति एसजेवीएन की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है।

नवरत्न दर्जा मिलने से एसजेवीएन की वित्तीय और ऑपरेशनल स्वतंत्रता में वृद्धि होगी तथा कंपनी विद्युत क्षेत्र में नए अवसरों का लाभ उठाने तथा हितधारकों के मूल्य संवर्धन में सक्षम होगी। कंपनी को देश के भीतर एवं बाहर संयुक्त उद्यम एवं अधीनस्थ कंपनियाँ आरंभ करने की अधिक स्वायत्तता भी प्राप्त होगी। यह कंपनी के विकास को गति देगा और हमें विद्युत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धी बनने की दिशा में आगे बढ़ने में मार्गदर्शन करेगा। नवरत्न का दर्जा कंपनी के अधिक विस्तार एवं विकास की दिशा में एक प्रमुख परिवर्तन होगा।

मैं एक बार पुनः एसजेवीनाइट्स के अथक प्रयासों, हमारे शेयरधारकों के विश्वास तथा इस सफल यात्रा में हमारे विक्रेताओं, कॉन्ट्रैक्टर, साझेदारों और एसजेवीएन से जुड़ी अन्य सभी एजेंसियों के निरंतर सहयोग की सराहना करना चाहूंगा।

HYDRO POWER SOLAR POWER WIND POWER THERMAL POWER POWER TRANSMISSION & TRADING

सुशील शर्मा

अध्यक्ष एवं प्रबंधन निदेशक, एसजेवीएन